आज का दिन 2005 में कनाडा में समलैंगिक विवाह को कानूनी स्वीकृति दी गई। वह ऐसा करने वाला चौथा देश बना।

दुनियाभर की जेलों में एक तिहाई बंदी बिना सुनवाई के कैद

अध्ययन

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

दुनियाभर की जेलों में इस समय एक करोड़ से ज्यादा कैदी बंद हैं। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी वैश्विक अध्ययन में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है।

इसके मुताबिक, पूरी दुनिया में हर तीन में से दो बंदी बिना अदालती कार्यवाही के जेलों में सजा काटने के लिए मजबूर हैं। महिलाओं के कारावास में बढ़ोतरी की दर पुरुषों के मुकाबले 8 फीसदी ज्यादा है। जुर्म साबित हुए बिना और सुनवाई न होने के चलते भी जेलों में बंद महिलाओं की संख्या बढ़ी है। पिछले दो दशकों के दौरान महिलाओं के कारावास में 33% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुषों को जेलों में डाले जाने की तादाद में 25% तेजी दर्ज की गई है। वैसे दुनियाभर की जेलों में बंद कैदियों में से 93% पुरुष हैं।

नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जारी वैश्विक रिपोर्ट दुनियाभर की जेलों की यह चिंताजनक तस्वीर पेश करती है।लगभग हर देश की जेलों में शत-प्रतिशत क्षमता से ज्यादा कैदी बंद हैं।

1.17 करोड़ कैदी दुनियाभर की जेलों में बंद

बिना जुर्म साबित हुए सजा काट रहे : रिपोर्ट में पाया गया कि दुनियाभर में सरकारों व न्यायिक तंत्र की असंवेदनशीलता के कारण लाखों बंदी जेलों में उम्र काटने को विवश हैं। बहुत से बंदियों की मुकदमा खत्म होने से पहले ही जेलों में रहते हुए ही मौत भी हो जाती है।

जनसंख्या के मुकाबले तेजी से कैदी बढ़े : रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दो दशकों में साल 2000 और 2019 के बीच दुनिया भर में कैदियों की संख्या में 25% से अधिक की वृद्धि हुई है। जबकि इसी अवधि में 21% की दर से जनसंख्या वृद्धि हुई। साल 2019 में विश्व में 1.17 करोड़ लोगों को कारावास में डाला गया जो कि बोलीविया, बुरुंडी, बेल्जियम या ट्यूनीशिया जैसे राष्ट्रों की कुल जनसंख्या के बराबर है।

पांच लाख से ज्यादा कैदी संक्रमित

4000 कैदियों की मौत हो गई दुनिया के 47 देशों में इस वैश्विक अध्ययन के मुताबिक। इस साल मई तक दुनिया के 122 देशों में 5.50 लाख कैदी संक्रमित हुए। जबकि संक्रमण से कैदियों को बचाने के लिए भारत समेत कई देशों में संक्रमण को देखते हुए कैदियों को जमानत पर रिहा करने की नीति अपनायी गई।

33 फीसदी बढ़ी दो दशकों में महिलाओं को जेलों में डाले जाने की तादाद

अफ्रीका, यूरोप में कैदी घटे

रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका, उप-सहारा अफ्रीका और पूर्वी यूरोप में कारावास दरों में 27 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। जबकि लैटिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पिछले दो वर्षों में कारावास दरों में वृद्धि देखी जा रही है। नवीनतम डाटा के मुताबिक, साल 2019 में दुनिया में प्रति एक लाख की आबादी पर 152 कैदी थे।

वर्ल्ड राउंडअप

पाक में बस-ट्रक की भिड़ंत में 31 की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के डेरा गाजी खान जिले में सोमवार को एक यात्री बस की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में 31 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 60 से अधिक लोग घायल हो गए। बस में 75 यात्री सवार थे।हताहत लोगों में अधिकतर वे श्रमिक हैं, जो ईद-उल-अजहा मनाने के लिए अपने गृहनगर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस सियालकोट से राजनपुर जा रही थी, तभी वह डेरा गाजी खान जिले के ताउनसा बाइपास के पास इंडस राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण

मॉस्को। रूस की सेना ने सोमवार को नयी जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का कामयाब परीक्षण किया। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि रूस के उत्तर में श्वेत सागर में स्थित एडमिरल गोर्शकोव युद्धपोत से यह परीक्षण किया गया।

ह्यूस्टन के मोटल में गोलीबारी, तीन की मौत

ह्यूस्टन (अमेरिका)। ह्यूस्टन में एक शख्स ने मोटल (सड़क किनारे यात्रियों के लिए बना होटल) में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पार्किंग स्थल पर गोलीबारी कर एक अन्य को जख्मी कर दिया। पुलिस से हुई मुठभेड़ में आरोपी की भी मौत हो गई।

मोदी के साथ मिलकर काम करने को इच्छुक : देउबा

नई दिल्ली/काठमांडू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने नेपाली समकक्ष शेरबहादुर देउबा से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने सहयोग को बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करने की बात कही। वहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा भी पीएम मोदी के साथ निकटता से मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों नेता कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई सहित अन्य मुद्दों पर सहयोग को बढ़ाने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने टिप्पणीकार हॉप्किंस को निर्वासित किया

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आई ब्रिटेन की अति दक्षिणपंथी टिप्पणीकार केटी हॉप्किंस ने सोशल मीडिया पर स्थानीय प्रशासन द्वारा लागू पृथक-वास नियम को तोड़ने की मंशा जाहिर करते हुए एक टिप्पणी की जिसके बाद उन्हें देश से निर्वासित कर दिया गया है। हॉप्किंस रियलिटी टीवी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थीं। सिडनी के एक होटल में पृथकवास में थीं। बीते हफ्ते ऑस्ट्रेलिया आई उनकी उड़ान ने विवाद पैदा किया था, सरकार ने वतन वापसी के लिए विदेश में फंसे नागरिकों, स्थायी निवासियों की संख्या घटाकर प्रत्येक हफ्ते तीन हजार तक कर दी थी।

उत्तराखंड में भारी बारिश से भूस्खलन के चलते मलबा हाईवे पर आ गिरा, 250 सड़कें बंद

मुंबई में रेल सेवा ठप, पहाड़ों पर पहिये थमे

मौसम की मार

ऋषिकेश/मुंबई | वरिष्ठ संवाददाता

मुंबई में भारी बारिश के एक दिन बाद सोमवार सुबह बारिश की तीव्रता कुछ कम हुई, दिन में फिर से तेज हो गई, जिससे कुछ स्थानों पर जलभराव हो गया और मध्य रेलवे मार्ग पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। वहीं उत्तराखंड में बारिश से ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे समेत 250 सड़कें बाधित हो गई है। सोमवार दोपहर बाद 3 बजे भूस्खलन के चलते मलबा हाईवे पर आ गिरा।

नीलकंठ मोटर मार्ग पर भी मलबा गिरने से वाहनों का संचालन थम गया। जबकि चीला वैकल्पिक मार्ग बीन नदी उफनने से बंद रहा। सोमवार दोपहर बाद अटाली गंगा से आगे, ब्यासी से पहले ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर पहाड़ी से पत्थर और मलबा गिरने से यातायात अवरुद्ध हो गया।

वहीं ठाणे जिले के कलवा इलाके में सोमवार शाम एक विशालकाय पत्थर (बोल्डर) लुढ़कता हुआ झुग्गी बस्ती पर आ गिरा जिसके कारण एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई।

उत्तराखंड के मांडो गांव में सोमवार को बादल फटने के बाद मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटे बचाव दल के कर्मचारी। • प्रेट्र

नेपाल में वर्षा के कारण नदियों का प्रवाह बढ़ा

पटना। नेपाल में हुई वर्षा का असर बिहार की नदियों पर पड़ने लगा। कासों से बहार क्षेत्र में 1.20 लाख घनसेक और बराज पर 1.53 लाख घनसेक पानी निकल रहा था।

39 सड़कें बंद होने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई कुमाऊं में, नदियां भी उफान पर

24 घंटों में हरिद्वार तहसील में 75 एमएम, रोशनाबाद में 82 एमएम बारिश रिकॉर्ड

05 लोगों की मौत हो गई पत्थर के झुग्गी पर गिरने से ठाणे जिले के कलवा इलाके में

यूपी के कुछ इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट

लखनऊ। जाते हुए आषाढ़ और आते हुए सावन के बीच उत्तर प्रदेश पर एक बार फिर मानसूनी मेघ मेहरबान हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है। अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 22 जुलाई तक प्रदेश में बदली-बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। बीते 24 घंटों के दौरान पूर्वी यूपी में कई स्थानों पर और पश्चिमी जिलों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से सामान्य बारिश हुई। पश्चिम में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की भी सूचना है। राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाके में भी मानसूनी बादल छाए हुए हैं और सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बीते 24 घंटों के दौरान खीरी जिले मोहम्मदी में सबसे अधिक 18 सेमी बारिश रिकार्ड की गई।

माइक्रोसॉफ्ट एक्सचेंज ईमेल हैकिंग का बीजिंग पर आरोप

वाशिंगटन | एजेंसी

अमेरिकी प्रशासन ने चीन पर ईमेल सर्वर सॉफ्टवेयर माइक्रोसॉफ्ट एक्सचेंज को हैक करने का आरोप लगाया। आरोप है कि इस वर्ष की शुरुआत में दुनियाभर में लाखों कम्प्यूटरों में सेंध लगाई लगी।

बाइडन प्रशासन ने और साझेदार देशों ने बीजिंग से व्यापक पैमाने पर साइबर खतरे का भी खुलासा किया है। सरकार से जुड़े हैकरों द्वारा रैनसमवेयर हमला शामिल है। जिसमें हैकरों ने कंपनियों को निशाना बनाया था और बदले में लाखों डॉलर की मांग की थी। न्याय मंत्रालय ने चीन के चार नागरिकों के खिलाफ सोमवार को आरोपों की घोषणा की। अभियोजकों का कहना है कि ये लोग हैकिंग के लिए गृह सुरक्षा मंत्रालय के साथ काम कर रहे थे। इसमें कंपनियों, विश्वविद्यालयों और सरकारी प्रतिष्ठानों सहित दर्जनों कम्प्यूटर प्रणालियों को निशाना बनाया गया।

एक अधिकारी ने कहा कि गृह सुरक्षा मंत्रालय से जुड़े हैकरों ने रैनसमवेयर हमला किया। यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने भी चीन पर उंगली उठाई है। ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र ने कहा कि इन समूहों ने अमेरिका, यूरोप के समुद्री उद्योगों, नौसेना रक्षा कॉन्ट्रैक्टर्स को निशाना बनाया। इसके अलावा फिनलैंड की संसद को इन्होंने निशाना बनाया।

जर्मनी में राहत अभियान जारी

बर्लिन। पश्चिमी जर्मनी, पूर्वी बेल्जियम और नीदरलैंड में सोमवार को बाढ़ का पानी उतरने के बाद बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया।

वहीं जर्मनी के शीर्ष अधिकारी देश में आई भीषण बाढ़ से निपटने के लिए की गयी अपनी तैयारियों का बचाव कर रहे हैं। **(एजेंसी)**

खरीफ बुवाई प्रभावित : क्रिसिल

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि 12 जुलाई तक पिछले 15 दिनों से मानसून की सुस्ती ने फसल 2021-22 (जुलाई-जून) में खरीफ फसलों की बुवाई की गति को प्रभावित किया है। रिपोर्ट में कहा है कि हमारे विचार में, अगर मानसून पूर्वानुमान के अनुसार सक्रिय नहीं होता है तो वर्षा की कमी वाले राज्यों में सोयाबीन, कपास, मक्का के रकबे में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

पंजाब में सिद्धू के अध्यक्ष बनने से कैप्टन नाराज

दांवपेच

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

पंजाब में 'जंग' अभी जारी है। नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बावजूद कलह खत्म नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह चुप्पी साधे हुए हैं।

वहीं, सिद्धू ने भी धन्यवाद देने में कैप्टन के नाम से परहेज किया। सिद्धू को पंजाब प्रदेश कांग्रेस का कप्तान बनाए जाने के बाद कैप्टन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इस चुप्पी को उनकी नाराजगी के तौर पर देखा जा रहा है। क्योंकि कैप्टन किसी कीमत पर सिद्धू को अध्यक्ष बनाए जाने के हक में नहीं थे। सिद्धू को रोकने के लिए उन्होंने अपने धुर विरोधी प्रताप सिंह बाजवा से भी हाथ मिलाया।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी ने पत्र लिखने वाले राज्य के दस सांसदों से फोन कर बात की। इसके बावजूद सिद्धू को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। ऐसे में माना जा रहा है कि आलाकमान ने अपनी ताकत का इस्तेमाल किया है।

मेरा सफर अभी शुरू हुआ है... : सिद्धू ने एक अन्य ट्वीट में कहा, हमारा उद्देश्य 18 सूत्रीय एजेंडे और पंजाब मॉडल के जरिए लोगों की शक्ति को उन्हें वापस लौटाना है। मेरा सफर अभी शुरू हुआ है।

मिशन 'जीतेगा पंजाब' : प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद सिद्धू ने 'जीतेगा पंजाब' मिशन की शुरुआत का ऐलान कर दिया। हालांकि उनकी चुनौतियों की फेहरिस्त काफी लंबी है। एक तरफ जहां उन पर 2022 में पार्टी को जीत की दहलीज तक पहुंचाना है, वहीं सभी को साथ लेकर चलना भी उनके लिए बड़ी चुनौती है। वह अभी तक कैप्टन का खुला विरोध करते रहे हैं, पर अध्यक्ष के तौर पर उन्हें मुख्यमंत्री के साथ तालमेल बनाना होगा।

राजदूत की बेटी के अपहरण का सबूत नहीं : पाक

काबुल/इस्लामाबाद | एजेंसी

पाकिस्तान की पुलिस ने कहा कि अफगानिस्तान के राजदूत के बेटी के अपहरण के कोई सबूत नहीं है। हालांकि मामले की जांच चल रही है।

इस्लामाबाद में अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी के अपहरण और यातना के विरोध में काबुल में पाक दूतावास के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। बैनर, तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने इस्लामाबाद के खिलाफ नारेबाजी की। टोलोन्यूज ने बताया कि उन्होंने अफगान सरकार से इस मुद्दे पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शनकारी मरिया तोताखिल ने कहा, ऐसी स्थिति में अफगान लड़की के खिलाफ हिंसा करना आक्रोश है। न्य सभी राजनयिकों और उनके परिवारों को इस्लामाबाद में सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, अफगान दूतावास, राजदूत, परिवार के सदस्य सुरक्षित क्यों नहीं हैं? एक प्रदर्शनकारी जैनब तारकी से पूछा। जलालाबाद में भी लोग सड़कों पर उतर आए।

राजदूत, वरिष्ठ राजनयिकों को वापस बुलाना दुर्भाग्यपूर्ण

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी के कथित अपहरण एवं उत्पीड़न के बाद इस्लामाबाद से अपने राजदूत और अन्य वरिष्ठ राजनयिकों को वापस बुलाने के अफगानिस्तान सरकार के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण एवं खेदजनक बताया है और उससे अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की है।

चीन पूर्वी लद्दाख के पास वायुसैनिक अड्डा बना रहा

नई दिल्ली | एजेंसियां

भारत से जारी सैन्य गतिरोध के बीच चीन पूर्वी लद्दाख के पास शिनजियांग के शाक्शे शहर में एक वायुसैनिक अड्डा बना रहा है।

इसका मकसद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास लड़ाकू विमानों के संचालन की क्षमता बढ़ाना है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक शाक्शे वायुसैनिक अड्डा काशगर और होगान एयरबेस के बीचोंबीच बनाया जा रहा है। इससे दोनों एयरबेस के बीच की 400 किलोमीटर की दूरी को पाटने और क्षेत्र में लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने की चीनी वायुसेना की क्षमता में इजाफा करने में मदद मिलेगी।

अमेरिकी सरकार के नेशनल लो इनकम हाउसिंग कोलिजन की रिपोर्ट का दावा, कोरोना के कारण बिगड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़ी महंगाई

अमेरिका में लोगों के पास कार मगर रहने के लिए छत नहीं

महंगाई की मार

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

कोरोना महामारी के कारण बिगड़ी अर्थव्यवस्था ने गरीब अमेरिकियों की छत छीन ली है। एक सरकारी रिपोर्ट से पता लगा कि कम तनख्वाह पर स्थायी नौकरी करने वाले लोग पूरे अमेरिका में कहीं दो कमरे वाला किराए का घर नहीं ले सकते। अमेरिकी सरकार के नेशनल लो इनकम हाउसिंग कोलिजन ने सोमवार को रिपोर्ट जारी की।

इससे पता लगा कि आठ घंटे की स्थायी नौकरी करने वाले ऐसे लोग जो न्यूनतम वेतन पाते हैं, वे भी अमेरिका के हर राज्य में एक कमरे वाला घर किराए पर लेने की हैसियत नहीं रखते। अमेरिका की 7 फीसदी काउंटी ही ऐसी हैं, जहां ऐसे लोगों को सस्ता कमरा मिल सकता है। यानी देश की 3000 से अधिक काउंटी में से केवल 218 काउंटियो में ही वे सस्ते कमरे खोज सकते हैं।

दो कमरों का सस्ता घर ढूंढना असंभव

न्यूनतम वेतन पाने वाले लोगों के लिए अमेरिका के किसी भी राज्य में दो कमरों वाला अपार्टमेंट अथवा घर किराए पर ढूंढना लगभग असंभव है। ऐसे घरों का किराया कम आय वालों की हैसियत से बहुत अधिक है। ऐसे घर का किराया वहन करने के लिए किसी व्यक्ति को हर घंटे कम से कम 1,862.43 रुपये (24.9 डॉलर) कमाने चाहिए।

बेघर होने की कगार पर अधिकतर लोग

अमेरिका के आवासीय व शहरी विकास मंत्रालय की सचिव मर्सिया एल. फॉज का कहना है कि यह राशि ज्यादा है कि वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, अश्वेत, लातिन समुदाय के लिए इतना किराया जुटाना बेहद मुश्किल है। यहां करीब 75 लाख कम आय वालों को आधी तनख्वाह किराए पर खर्च करनी पड़ रही है। इसी के चलते कोरोना की पहली लहर के दौरान 5.8 लाख लोग बेघर हो गए थे।

कारों में गृहस्थी लेकर भटक रहे

अमेरिका में ऐसे गरीबों की तादाद अच्छी खासी है जिनके पास कार है पर अपना या किराए का घर नहीं। वे महंगा किराया दे नहीं पाते इसलिए अपनी कार में ही घर का सामान भरकर उसी में रहते और सोते हैं। अमेरिका की ऐसी तस्वीरें दुनिया के बाकी देशों को चौंका देती हैं।

HCL TECHNOLOGIES LIMITED
Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi - 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336

Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended 30 June 2021 (Unaudited)	Previous year ended 31 March 2021 (Audited)	Three months ended 30 June 2020 (Unaudited)
Total income from operations	20,068	75,379	17,842
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	4,100	15,853	3,862
Net profit for the period before tax	4,100	15,853	3,862
Net profit for the period after tax	3,213	11,169	2,935
Net profit for the period after tax and non-controlling interest	3,205	11,145	2,931
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax)	3,683	11,908	3,235
Equity share capital (par value ₹ 2 each)		543	
Other equity		59,370	
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)			
Basic (in ₹)	11.81	41.07	10.80
Diluted (in ₹)	11.81	41.07	10.80

Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended 30 June 2021 (Unaudited)	Previous year ended 31 March 2021 (Audited)	Three months ended 30 June 2020 (Unaudited)
Total income from operations	9,556	35,673	8,362
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	3,313	12,410	3,075
Net profit for the period before tax	3,313	12,410	3,075
Net profit for the period after tax	2,672	8,743	2,360
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax)	2,650	9,263	2,512
Equity share capital (par value ₹ 2 each)		543	
Other equity		43,010	
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)			
Basic (in ₹)	9.85	32.22	8.70
Diluted (in ₹)	9.85	32.22	8.70

Notes :

1. The consolidated and the standalone financial results for the three months ended 30 June 2021 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 19 July 2021. The statutory auditors have issued unmodified review report on these results.
2. The Board of Directors at its meeting held on 19 July 2021 has declared an interim dividend of ₹ 6 /- per share.
3. Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
4. Employee benefit expenses for the year ended 31 March 2021 for the Company and the Group includes ₹ 243 crores and ₹ 728 crores respectively, being the one-time special bonus paid to employees in recognition of achieving the $10 Billion revenue mark in year ended 31 March 2021.
5. Deferred tax expense for the year ended 31 March 2021 includes 1,222 crores being the Deferred Tax Liabilities created by the Company on difference between book basis and tax basis of goodwill taken out of purview of tax depreciation w.e.f. 1 April 2020 by Finance Bill enacted in March 2021.
6. The Indian Parliament has approved the Code on Social Security, 2020 which would impact the contributions by the group towards Provident Fund and Gratuity. The effective date from which the changes are applicable is yet to be notified and the final rules are yet to be framed. The Group will carry out an evaluation of the impact and record the same in the financial statements in the period in which the Code becomes effective and the related rules are published.
7. The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com.

By the order of the Board of Directors for HCL Technologies Limited

Roshni Nadar Malhotra Chairperson
C. Vijayakumar President and Chief Executive Officer
Prateek Aggarwal Chief Financial Officer

Noida (UP), India
19 July 2021

HCL